आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–28 जनवरी 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक राष्ट्र एक चुनाव पर विस्तृत चर्चा के लिये युवाओं का किया आह्वान। एनसीसी की रैली में बोले पीएम मोदी– बार–बार चुनाव कराने से देश के कार्यों की गति में आती है बाधा।
- प्रयागराज महाकुंभ में कल होने वाले मौनी अमावस्या के अमृत स्नान को लेकर तैयारियां अन्तिम चरण में। प्रयागराज नगर क्षेत्र के सभी माध्यमिक विद्यालय और इलाहाबाद हाईकोर्ट आज से तीस जनवरी तक के लिये बन्द।
- मौनी अमावस्या पर महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं के लिये व्यापक स्वास्थ्य सेवाओं का किया गया इंतजाम। चौबीस घंटे क्रियाशील रहेगा केन्द्रीय अस्पताल।
- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने प्रयागराज महाकुंभ में लगायी आस्था की डुबकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी रहे मौजूद।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक राष्ट्र एक चुनाव के अंतर्गत एक साथ चुनाव कराने पर जोर देते हुए युवाओं का आह्वान किया है कि वे इस पर विस्तृत चर्चा करें। नई दिल्ली के करिअप्पा परेड ग्राउंड में कल राष्ट्रीय कैडेट कोर–एन.सी.सी. की रैली में प्रधानमंत्री ने कहा कि बार–बार चुनाव कराने से देश के लिए किए जा रहे कार्यों की गति में बाधा आती है। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराने के लिये मंथन आवश्यक है।

**********

संगम नगरी प्रयागराज में कल होने वाले मौनी अमावस्या के अमृत स्नान को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। प्रदेश सरकार के अनुसार मौनी अमावस्या के दिन आठ से दस करोड़ श्रद्धालुओ ं के पवित्र स्नान करने की सम्भावना है। अत्यधिक श्रद्धालुओं के आगमन की सम्भावना पर प्रयागराज नगर क्षेत्र के सभी माध्यमिक विद्यालयों में आज से तीस जनवरी तक अवकाश घोषित कर दिया गया है। मौनी अमावस्या के कारण इलाहाबाद हाईकोर्ट भी आज से तीस जनवरी तक बन्द रहेगा। महाकुंभ में भीड़ के घनत्व पर नजर रखने और संगम नोज़ पर बहुत ज्यादा भीड़ न होने देने के लिए एकीकृत नियंत्रण और कमान केंद्र को भी सक्रिय कर दिया गया है। इसी क्रम में महाकुंभ नगर को कल से नो–व्हीकल ज़ोन घोषित कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों से बड़े और चारपहिया वाहनों से न चलने की अपील की है।

***इस दौरान संगम क्षेत्र में और मेला क्षेत्र में आप जाते हैं तो बड़े वाहनों का प्रयोग न करके या तो पैदल या दोपहिया वाहन से अगर जाएंगे तो बाकी जितने श्रद्धालु बाहर से आ रहे हैं उन सबको सहूलियत होगी। यही अपील आपसे करूंगा कि इस आगामी मौनी अमावस्या के पर्व के दौरान आप अपने चार पहिया वाहन का प्रयोग न करें और जितने भी हमारे युवा साथी हैं या जो सक्षम हैं वह पैदल मेला क्षेत्र और संगम क्षेत्र की तरफ जाएं और अगर कोई वरिष्ठ जन हैं तो दोपहिया वाहन का उपयोग करके इस कुंभ मेले का आनंद लें और इस आयोजन को सफल बनाएं।***

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये बारह किलोमीटर लंबे घाटों का निर्माण किया गया है।

**********

मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर कल अयोध्या और अन्य धर्म स्थलों पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने का अनुमान है। प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालु लाखों की संख्या में अयोध्या भी पहुंच रहे हैं। मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी के दिन यह संख्या और अधिक बढ़ने का अनुमान है। इसे देखते हुए अयोध्या के जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने नगर निगम, अयोध्या धाम परिक्षेत्र और विकास खण्ड पूरा के नगर निगम की विस्तारित सीमा में स्थित प्री प्राइमरी से लेकर कक्षा बारह तक के सभी विद्यालयों में आज से पांच फरवरी तक अवकाश घोषित कर दिया है। मौनी अमावस्या पर उमड़ने वाली भीड़ के प्रबंधन के लिये अयोध्या–बस्ती फोरलेन पर कल दोपहर बाद से डायवर्जन लागू कर दिया गया है। बस्ती में फुटहिया फ्लाइओवर से कलवारी–टांडा मार्ग पर लखनऊ की तरफ जाने वाले भारी वाहनों को पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे से भेजा जा रहा है। रूट डायवर्जन की यह व्यवस्था तीस जनवरी की रात ग्यारह बजे तक लागू रहेगी। उधर, मौनी अमावस्या पर कल विन्ध्याचल शक्तिपीठ में भी लाखों श्रद्धालुओं के जुटने की उम्मीद है। इसे देखते हुए सुरक्षा के विशेष प्रबंध किये गये हैं।

**********

कल मौनी अमावस्या को देखते हुए महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों के लिए स्वास्थ्य सेवा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि प्रयागराज महाकुंभ नगर में परेड ग्राउंड स्थित केंद्रीय अस्पताल किसी भी स्वास्थ्य आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए महाकुंभ मेला क्षेत्र में 100 बिस्तरों वाला केंद्रीय अस्पताल स्थापित किया है। इसके अलावा किसी भी स्वास्थ्य संबंधी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए**

**विशेष स्वास्थ्य कर्मियों को भी तैनात किया गया है। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए केंद्रीय अस्पताल के नोडल अधिकारी डॉ. गौरव दुबे ने बताया कि मौनी अमावस्या को देखते हुए अस्पतालों में डॉक्टरों और एंबुलेंस की संख्या को बढ़ा दिया गया है।**

***अभी हम लोग चौबीस घंटे के लिए रेडी हैं और जैसा कि पूर्व स्नान में भी आपने देखा होगा कि करीब साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा लोगों ने स्नान किया और हमने सबको इसली ट्रिट किया। महाकुंभ का जो हमारा नेक्स्ट सबसे बड़ा स्नान आ रहा है मौनी अमावस्या इसमें हमारी प्लानिंग यह है कि हम तीस तारीख तक लगातार हम लोग चौबीस घंटे की ओपीडी करेंगे जो अभी बारह घंटे की चल रही है।***

***इसके अलावा 80 आयुष डॉक्टरों की एक टीम 20 ओपीडी केंद्रों पर चौबीस घंटे चिकित्सा सेवा प्रदान कर रही है। इन अस्पतालों में दी जाने वाली सभी चिकित्सा सेवाएं निःशुल्क हैं। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।***

इस बीच, वाराणसी जिले में आने वाले महाकुंभ से जुड़े श्रद्धालुओं को चिकित्सा सेवा देने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने पहल की है। उन्होंने निजी अस्पतालों से कहा है कि ऐसे श्रद्धालुओं की प्राथमिक चिकित्सा निःशुल्क करने के बाद ही उन्हें राजकीय अस्पतालों में संदर्भित करें। सीएमओ ने इससे संबंधित बैनर भी लगाने की अपील की है।

**********

मानवता के अमूर्त विरासत महाकुंभ में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला लगातार बना हुआ है। कल रात आठ बजे तक एक करोड़ पचपन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। इसी क्रम में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अनेक साधु–संतों ने कल संगम में पवित्र स्नान किया। श्री शाह और उनके परिवार के सदस्यों ने अक्षय वट का दर्शन किया और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना की। एक रिपोर्ट.....

***अपनी यात्रा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कई साधु और संतों से मुलाकात की। श्री शाह ने कहा कि महाकुंभ सनातन संस्कृति की अविरल धारा का अद्वितीय प्रतीक है। यह सनातन जीवन दर्शन और समरसता पर आधारित अखंड परम्परा का संदेश देता। उन्होंने कहा कि यह महाकुंभ केवल तीर्थस्थल नहीं है बल्कि देश की विविधता, आस्था और ज्ञान परंपरा का भी संगम है।***

***इस बीच महाकुंभ नगर त्रिवेणी सगम तट पर चल रहे महाकुंभ मेले में देश के कोने कोने से आने वालें श्रद्धालुओं का सिलसिला निरंतर जारी है। लगभग 12 किलोमीटर लंबे घाट पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए है। महाकुम्भ में त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करने प्रति दिन लाखों, करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज आ रहे हैं। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार महाकुंभ नगर प्रयागराज।***

महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने के बाद केन्द्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि महाकुंभ करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ आयोजन है और इसमें शामिल होना सौभाग्य की बात है।

***संगम में आकर के इस पवित्र पानी में डुबकी लगाना ये हमारे जीवनकाल में एक विशेष अवसर और पल है। मैं मानता हूँ कि आस्था के प्रति एक श्रद्धा तो होता है लेकिन उसके साथ साथ जो व्यवस्था जिस तरीके से यहाँ कायम किया है मैं उत्तर प्रदेश का प्रशासन, आदरणीय मुख्यमंत्री योगी जी और पूरे उनके टीम को बधाई देता हूँ कि ऐसा पवित्र अवसर पर करोड़ों लोगों का ध्यान रखा गया है। सब खुश थे।***

इस दौरान श्री रिजिजू ने सरकार की ओर से की गई व्यवस्थाओं की सराहना की।

**********